2023
प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
शिक्षाशास्त्र

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 80**

निर्देश :

i–इस प्रश्नपत्र में कुल 28 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

ii-प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

iii-प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर चार विकल्पों में से एक है। प्रश्न संख्या 2–9 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक या एक लाइन में देना हैं। प्रश्न संख्या 10 से 18 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक का उत्तर 20 शब्दों में लिखना है। प्रश्न संख्या 19 से 25 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक का उत्तर 50 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 26 से 28 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर 100 शब्दों में देना है।

1. (i) उपनयन शिक्षा संस्कार किस काल में होता था?

(क) वैदिक काल (ख) बौद्ध काल

(ग) मुस्लिम काल (घ) ब्रिटिश काल

(ii) निम्न में से कौन एक गाँधी जी की शिक्षा योजना नहीं है–

(क) बेसिक शिक्षा (ख) वर्धा योजना

(ग) नई तालीम (घ) हस्तशिल्प शिक्षा

(iii) विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?

(क) 5 जून (ख) 5 अगस्त

(ग) 5 जनवरी (घ) 5 अप्रैल

(iv). भारत में स्त्री– शिक्षा के मार्ग में प्रमुख बाधाए हैं–

(क) सामाजिक रूढ़ियां एवं प्रतिकूल दृष्टिकोण

(ख) बालिका विद्यालयों एवं अध्यापिकाओ की कमी

(ग) स्त्री का कार्य–क्षेत्र घर तक सीमित होना

(घ) उपर्युक्त सभी

(v) दण्ड और पुरुस्कार है–

(क) मनोवैज्ञानिक प्रेरक (ख) स्वाभाविक प्रेरक

(ग) कृत्रिम प्रेरक (घ) सामाजिक प्रेरक

(vi) मानसिक स्वास्थ्य पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है–

(क) विद्यालय का (ख) परिवार का

(ग) पुस्तकालय का (घ) स्वतन्त्रता का

(vii) 70–80 बुद्धि लब्धि वाला व्यक्ति कहलाता है–

(क) प्रखर (ख) प्रतिभाशाली

(ग) सामान्य (घ) दुर्बल बुद्धि

(viii) निर्देशन के प्रमुख उद्‌देश्य हैं–

(क) छात्रों का सर्वागीण विकास (ख) छात्रों का मानसिक विकास

(ग) छात्रों का संवेगात्मक विकास (घ) छात्रों का शारीरिक विकास

2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति कब लागू हुई ? 1
3. बेसिक शिक्षा किससे सम्बन्धित है ? 1
4. पर्यावरण को प्रभावित करने वाली आपदांए कौन सी है ? 1
5. शैक्षिक स्तर की कोई एक समस्या बताइये। 1
6. पुरुस्कार की एक सरल परिभाषा लिखिए। 1
7. मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति का व्यक्तित्व कैसा होता है ? 1
8. बुद्धि लब्धि का सूत्र बताइये। 1
9. शैक्षिक निर्देशन से क्या आशय है ? 1
10. महात्मा गॉधी के अनुसार शिक्षा के उद्‌देशय कौन–कौन से हैं ? 2
11. भारत में पर्यावरण प्रदूषण की विभिन्न समस्याएं बताइये। 2
12. जनसंख्या शिक्षा की मुख्य समस्याएं बताइये। 2
13. बालिकाओं की शिक्षा में कौन–कौन से तत्व बाधा उपस्थित करते हैं ? 2
14. रुचियो के प्रमुख प्रकारों का उल्लेख कीजिए। 2
15. प्रेरणा के लिये उत्तरदायी विभिन्न कारक कौन–कौन से हैं ? 2
16. मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान के मुख्य कार्यो का उल्लेख कीजिए। 2
17. व्यवसायिक निर्देशन के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 2
18. मंदबुद्धि बालको के व्यवहार की समस्याए बताइये। 2
19. मध्यकालीन शिक्षण–संस्था के रूप में मदरसे का सामान्य परिचय दीजिए। 4
20. रविन्द्रनाथ टेगौर की शिक्षा में अनुशासन सम्बन्धी विचारों का उल्लेख कीजिए। 4

21. पर्यावरणीय शिक्षा की जागरूकता के लिए शिक्षक की क्या भूमिका है ? वर्णन कीजिए। 4

22. पुरुस्कार एवं दण्ड क्या है ? दण्ड के प्रमुख प्रकारो के नाम लिखिए। 4

23. मानसिक रूप से स्वस्थ शिक्षक के लक्षण लिखिए। 4

24. बुद्धि क्या है? बुद्धि के मापन की किसी एक विधि का सविस्तार वर्णन कीजिए। 4

25. निर्देशन का वर्गीकरण कीजिए। 4

26. प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था में वैदिक शिक्षा का महत्व स्पष्ट कीजिए। 6

अथवा

मुस्लिम शिक्षा के प्रमुख विशेषताओं तथा उद्देश्यों का वर्णन कीजिए ।

27. शैक्षिक स्तर के पतन के क्या कारण हैं? शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए सुझाव दीजिए । 6

अथवा

भारत में जनसंख्या शिक्षा की मुख्य समस्याए क्या हैं ? उनका समाधान कैसे किया जा सकता है ?

28. बुद्धि परीक्षणो से आप क्या समझते हैं ? बुद्धि परीक्षण के विभिन्न प्रकारो का उल्लेख कीजिए। 6

अथवा

व्यक्तित्व मापन की प्रमुख विधियों का वर्णन कीजिए ।